राज एक्सप्रेस

# मध्य प्रदेश ग्रामीण बैंक का जनसुरक्षा शिविर आयोजित




● भोपाल / राज न्यूज नेटवर्क

मध्य प्रदेश ग्रामीण बैंक द्वारा ग्राम पंचायत गुलगांव (ब्लॉक सांची) में वित्तीय समावेशन अभियान अंतर्गत जनसुरक्षा शिविर आयोजित किया गया।

इस अवसर पर भारतीय रिजर्व बैंक के महाप्रबंधक हेमंत कुमार सोनी, भारतीय रिजर्व बैंक के एलडीओ विशाल यादव, जिला रायसेन अग्रणी प्रबंधक आदरणीय प्रताप सिंह, सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया के प्रतिनिधि मुख्य प्रबंधक एपी सिंह तथा मध्य प्रदेश ग्रामीण बैंक से मुख्य प्रबंधक मनोज कुमार चुघ, जिला समन्वयक जितेन्द्र तिवारी, शाखा सांची के शाखा प्रबंधक शुभम् साकल्ले, शाखा के संसाधन संग्रहण अधिकारी सौरभ बागड़देव, सहायक धर्मेन्द्र जैन सहित विभिन्न बैंकों के अधिकारी उपस्थित रहे। भारत सरकार के वित्तीय सेवा विभाग के निर्देशानुसार यह अभियान 1 जुलाई से 30 सितंबर तक देश की प्रत्येक ग्राम पंचायत में आयोजित किया जा रहा हैं।

भारतीय रिजर्व बैंक के महाप्रबंधक हेमंत कुमार सोनी द्वारा ग्रामीणों को वित्तीय साक्षरता के संबंध में प्रश्नोत्तरी एवं अन्य रोचक तरीकों के माध्यम से उन्हें वित्तीय साक्षरता के संबंध में विस्तृत जानकारी प्रदान की गई। साथ ही बैंक की विभिन्न योजनाओं के संबंध में प्रश्नों एवं संशयों पर उचित समाधान प्रदान किया गया। भारतीय रिजर्व बैंक के एलडीओ विशाल यादव द्वारा सामाजिक सुरक्षा योजनाओं के महत्व के साथ-साथ, डिजिटल धोखाधड़ी से बचाव के संबंध में विस्तृत जानकारी प्रदान की गई।